**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 22 मई, 2025 :-**

(1) माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत वर्चुअल माध्यम से पुनर्विकसित स्टेशनों के उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण के अवसर पर माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर संबोधित करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय रेलवे का तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत विकसित हो रहे स्टेशन केवल आधारभूत संरचनाओं का विस्तार नहीं हैं, बल्कि यह नए भारत की सशक्त तस्वीर और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड के तीन प्रमुख स्टेशन राजमहल, शंकरपुर एवं गोविंदपुर रोड अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर यात्रियों को न केवल सुविधा का अनुभव कराएँगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य में रु० 53,597 करोड़ की लागत से विभिन्न रेलवे परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत कई स्टेशनों को विश्व स्तरीय

स्वरूप में विकसित किया जा रहा है, जो राज्य के पर्यटन, व्यापार, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में दूरगामी प्रभाव डालेगा। उन्होंने इस बात पर भी विशेष बल दिया कि इन स्टेशनों का विकास दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएँ, महिला यात्रियों की सुरक्षा, स्वच्छता, डिजिटलीकरण और हरित ऊर्जा के मानकों के अनुरूप किया गया है।

माननीय राज्यपाल ने कहा कि झारखण्ड जैसे खनिज-समृद्ध राज्य के लिए एक मजबूत रेलवे नेटवर्क राज्य की आर्थिक प्रगति का आधार है। इन स्टेशनों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों की देशव्यापी पहुँच और युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

राज्यपाल महोदय ने रेलवे मंत्रालय, इंजीनियरों, कर्मचारियों एवं स्थानीय प्रशासन को सफल परियोजना के लिए बधाई दी और आह्वान किया कि सभी मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत @2047' के संकल्प को **साकार करें।**